ओपन साइंस

[स्रोत: TH](#)

ओपन साइंस सिद्धांतों और प्रक्रियाओं का एक संग्रह है जिसका उद्देश्य **वैज्ञानिक अनुसंधान को सभी के लिये सुलभ** बनाना तथा यह सुनिश्चित करना है कि ज्ञान का संचार **समावेशी, न्यायसंगत और संधारणीय** हो।

- इसमें **प्रकाशनों की निःशुल्क उपलब्धता, डेटासेट की उपलब्धता, ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर उपयोग** और **नागरिक विज्ञान समन्वय** जैसे सिद्धांत शामिल हैं।
- ओपन साइंस पर **यूनेस्को की सिफारिश** ओपन साइंस के लिये **साझा मूल्यों और सिद्धांतों** को परिभाषित व रेखांकित करती है।
- **ओपन साइंस के लाभ:**
  - ओपन साइंस **ज्ञान को निःशुल्क** उपलब्ध कराता है, जिससे **अनुसंधान की व्यापकता** बढ़ती है **और उसका महत्त्व** बढ़ता है।
  - ओपन साइंस **संस्थाओं और देशों के बीच सहयोग** को बढ़ावा देता है, जिससे संयुक्त परियोजनाएँ संभव हो पाती हैं।
  - ओपन साइंस **पारदर्शिता और पुनरावृत्ति** को बढ़ावा देता है, अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार करता है तथा **FAIR (अन्वेषण योग्य, सुलभ, अंतर-संचालनीय और पुन: प्रयोज्य)** सिद्धांतों के माध्यम से वित्त पोषण के प्रभाव को अधिकतम करता है।
- **ओपन साइंस से संबंधित नैतिक विचार:** शोध की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये ओपन-एक्सेस प्रकाशन में प्रकाशकों से गहन समीक्षा करने, लेखकों से पारदर्शिता बरतने तथा शोधकर्त्ताओं से नैतिक मानदंडों को बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है।
- **खुले विज्ञान पर एआई का प्रभाव: AI डेटा माइनिंग और विश्लेषण को** बढ़ावा देता है, ओपन साइंस में सहयोग एवं डेटा साझाकरण को बढ़ावा देता है।
  - हालाँकि, इससे पूर्वाग्रह और विश्वसनीयता जैसी चुनौतियाँ उत्पन्न होती हैं।
- **ओपन साइंस के लिये चुनौतियाँ:** तकनीकी बाधाएँ, संस्थागत प्रतिरोध, आर्थिक बाधाएँ और कानूनी मुद्दे, जैसे बौद्धिक संपदा व डेटा गोपनीयता संबंधी चिंताएँ, व्यापक रूप से ओपन साइंस को अपनाने में बाधा डालती हैं।

अधिक पढ़ें: राष्ट्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति का प्रारूप

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/open-science